हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 15 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एन.डी.ए. ने बिहार विधानसभा चुनाव में 202 सीट जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया है। निर्वाचन आयोग ने कल रात सभी 243 सीटों के नतीजे घोषित कर दिए। भारतीय जनता पार्टी 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाइटेड) ने 85 सीट जीतीं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 19 सीट मिली। राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन को केवल 35 सीट हासिल हुई हैं।

****

भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा इकाई ने आज प्रदेश भर में बिहार में एन डी ए की जीत का जश्न मनाया।

हरियाणा की महिला बाल विकास एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने बिहार चुनाव में एनडीए की एकतरफा जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नीतीश कुमार की नीतियों को इसका श्रेय दिया तथा कहा कि महिलाओं को लेकर जो नीतियां बनी है, उनका इस जीत में मुख्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस ने वोट चोरी का मुद्दा उठाकर मतदाताओं को भटकाने का प्रयास किया, जिसको मतदाता ने ठुकरा दिया।

****

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने हत्या के एक मामले में पुलिस के आरोपी को पकड़ने में विफल रहने पर इसे सी बी आई को सौंपने के आदेश दिए हैं ।

कैथल में कल जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में उन्होंने यह आदेश दिए।
श्री अनिल विज ने 9 पुरानी व 6 नई शिकायतें सुनी।उन्होंने कई मामलों में सही तरीके से कार्रवाई न करने के लिए पुलिस को फटकार लगाई।
वहीं एक युवती को अश्लीत संदेश भेजने, छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई नहीं करने वाले जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच व इस शिकायत पर तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफतार करने के निर्देश भी दिए।

एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने तुरंत विभाग वरिष्ठ अधिकारी को फोन करके दूध पनीर की फैक्ट्री को सील करने के आदेश जारी करने को कहा। इसके बाद विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर फैक्ट्री सील कर दी।

बैठक के बाद ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बिहार की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के पास अब कहने को कुछ बचा नहीं है। जनता ने जवाब दे दिया है।
****

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का सरस और शिल्प मेला आज से शुरू होगा। इस सरस और शिल्प मेले का उदघाटन हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष सायं स्व तीन बजे के करीब ब्रह्मसरोवर के उत्तरी प्रवेश द्वार से करेंगे। इसके उपरांत राज्यपाल कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के सभागार में बनाए गए मीडिया केंद्र का उद्घाटन करेंगे।

राज्यपाल ब्रह्मसरोवर पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में भजन संध्या और संध्याकालीन आरती में भी शिरकत करेंगे।
****

हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण समिति की ओर से कल बाल दिवस पर करनाल में वार्षिक उत्सव नव चेतना का आयोजन किया गया। उत्सव हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने बतौर मुख्य अतिथि और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।

श्री हरविंद्र कल्याण ने इस मौके पर समिति को ऐच्छिक फंड से दस लाख रुपये देने की घोषणा की ।

राज्यपाल ने माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।
****

हरियाणा पुलिस ने राज्य में साइबर ठगी के शिकार हुए नागरिकों को तत्काल और आसान न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है। पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह के नेतृत्व में प्रदेश पुलिस ने कानूनी सेवा प्राधिकरणों के साथ मिलकर एक नई व्यवस्था लागू करवाई है, जिसके तहत ठगी की गई और बैंक खातों में फ्रीज

की गई राशि अब बिना किसी लंबी कानूनी प्रक्रिया या वकील की आवश्यकता के, सीधे लोक अदालत के माध्यम से पीड़ितों को वापस दिलाई जाएगी।

उक्त व्यवस्था विशेष रूप से उन मामलों के लिए लागू की गई है, जहाँ ठगी के तुरंत बाद शिकायत दर्ज कराकर ठगों के खाते में पैसा फ्रीज करवा दिया गया है, लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।
****

आज जनजातीय गौरव दिवस है। इस दिवस के उपलक्ष्य में कल शाम फरीदाबाद में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भारत सरकार के आह्वान पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करना और राष्ट्र निर्माण में जनजातीय समुदायों के योगदान को रेखांकित करना था।

गोष्ठी की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक श्री सुगन लाल मीना ने की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज ने न केवल भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया है, बल्कि अपने साहस, संघर्ष और संकल्प से देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
****

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में भिवानी के किरोड़ीमल पार्क से एकता पद यात्रा निकाली गई। एकता पदयात्रा में युवाओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयकारों से माहौल को गुंजायमान किया और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत किया।

****